**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**SET A**

विषय-राजनीति विज्ञान
**Subject-POLITICAL SCIENCE**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-24
**Subject-Code-24**

**252410085**

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 40

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु

अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं-हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी एक भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है। उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें।
3. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है। ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

4. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है। परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों। अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें।
5. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
6. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।
8. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है।
9. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
10. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे।
11. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in two languages—Hindi and English. Candidates can select any one of the two languages according to their convenience.
2. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
3. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

4. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
5. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
6. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
7. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard one.
8. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
9. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
10. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
11. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

51. Who in his book 'Two Concepts of Liberty' classified the concept of liberty into positive and negative liberty ?

(A) J.S. Mill

(B) Isaiah Berlin

(C) James Mill

(D) F.A. Hayek

52. Who among the following presents an alternative to the Marxist view on equality by accepting social stratification and hierarchy as functionally necessary and inevitable ?

(A) Vladimir Lenin

(B) Mikhail Bakunin

(C) Max Weber

(D) R.H. Tawney

51. किसने अपनी पुस्तक 'टू कॉन्सेप्ट्स ऑफ लिबर्टी' में स्वतंत्रता की अवधारणा को सकारात्मक और नकारात्मक स्वतंत्रता के रूप में वर्गीकृत किया ?

(A) जे.एस. मिल

(B) इसायाह बर्लिन

(C) जेम्स मिल

(D) एफ.ए. हायेक

52. निम्नलिखित में से कौन सामाजिक स्तरीकरण और पदानुक्रम को कार्यात्मक रूप से आवश्यक और अपरिहार्य मानकर समानता पर मार्क्सवादी दृष्टिकोण का विकल्प प्रस्तुत करता है ?

(A) व्लादिमीर लेनिन

(B) मिखाइल बाकूनिन

(C) मैक्स वेबर

(D) आर.एच. टॉनी

53. Who propounded the philosophical idea of the 'Veil of Ignorance' to determine the basic institutions and structures of a just society ?

(A) Jeremy Bentham

(B) J.S. Mill

(C) John Rawls

(D) Robert Nozick

54. Which of the following *does not* conform to the legal view of rights ?

(A) Rights are independent of organised society.

(B) Rights are not prior to or superior to the state.

(C) The substance of rights changes whenever the content of the law changes.

(D) The state through the instrumentality of law enforces the enjoyment of rights.

53. एक न्यायपूर्ण समाज की आधारभूत संस्थाओं और संरचनाओं के निर्धारण हेतु 'अनभिज्ञता का पर्दा' के दार्शनिक विचार को किसने प्रतिपादित किया ?

(A) जेरेमी बेंथम

(B) जे.एस. मिल

(C) जॉन रॉल्स

(D) रॉबर्ट नॉजिक

54. निम्नलिखित में से कौन अधिकारों के कानूनी दृष्टिकोण के अनुरूप नहीं है ?

(A) अधिकार संगठित समाज से स्वतंत्र हैं ।

(B) अधिकार राज्य से पूर्व का अथवा उससे उच्च्च नहीं है ।

(C) जब भी कानून की विषयवस्तु बदलती है, तो अधिकारों का सार बदल जाता है ।

(D) राज्य कानून के माध्यम से अधिकारों के उपयोग को प्रवर्तित करता है ।

55. Who has propounded the principle of the 'Iron Law of Oligarchy' ?

(A) Pareto (B) Mosca

(C) Michels (D) Schumpeter

56. Who among the following views political power in terms of rational consent of the governed and obligation of the power holders towards the subjects ?

(A) Hobbes (B) Locke

(C) Filmer (D) Weber

57. Which of the following is *not* a characteristic of conservatism ?

(A) Respect for established customs and traditions

(B) Faith in pragmatism

(C) Belief in human perfection

(D) Viewing society as an organic whole

55. 'अल्पतंत्र के लौह कानून' का प्रतिपादन किसने किया है ?

(A) पैरेटो (B) मोस्का

(C) मिशेल्स (D) शुम्पीटर

56. निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक शक्ति को शासितों की तर्कसंगत सहमति और शक्ति धारकों का शासनाधीनों के प्रति दायित्व के रूप में देखता है ?

(A) हॉब्स (B) लॉक

(C) फिल्मर (D) वेबर

57. निम्नलिखित में से कौनसी अनुदारवाद की विशेषता **नहीं** है ?

(A) स्थापित प्रथाओं तथा परम्पराओं का सम्मान

(B) व्यवहारिकता में आस्था

(C) मानवीय उत्कृष्टता में विश्वास

(D) समाज को सावयवी समष्टि के रूप में देखना

58. According to Marx, the first era of human history was based on which of the following ?

(A) Tribal conflicts

(B) Slavery

(C) Feudalism

(D) Primitive communism

59. What is the basic demand of multiculturalism ?

(A) Common social rights

(B) Single common national culture

(C) Differentiated citizenship

(D) Economic equality

60. Deconstruction, a method of critical analysis of philosophical and literary language, is derived from the writings of which one of the following philosophers ?

(A) David Easton

(B) Jacques Derrida

(C) Jean Baudrillard

(D) Will Kymlicka

58. मार्क्स के अनुसार, मानव इतिहास का प्रथम युग निम्नलिखित में से किस पर आधारित था ?

(A) कबीलाई संघर्ष

(B) दासता

(C) सामंतवाद

(D) आदिम साम्यवाद

59. बहुसंस्कृतिवाद की आधारभूत माँग क्या है ?

(A) समान सामाजिक अधिकार

(B) एकल समान राष्ट्रीय संस्कृति

(C) विभेदकारी नागरिकता

(D) आर्थिक समानता

60. विखंडन, दार्शनिक तथा साहित्यिक भाषा के आलोचनात्मक विश्लेषण की एक विधि, निम्नलिखित में से किस दार्शनिक के लेखन से व्युत्पन्न है ?

(A) डेविड ईस्टन

(B) जैक देरिदा

(C) ज्याँ बौड्रिलार्ड

(D) विल किम्लिका

61. According to Plato, who are best suited to rule ?

(A) The warriors

(B) The philosophers

(C) The wealthy class

(D) All citizens through direct democracy

62. Which of the following is *not correct* about Confucius ?

(A) He emphasized on the virtuous conduct for both, the king and subjects.

(B) He supported an egalitarian order.

(C) He challenged the monopoly of aristocracy on education.

(D) He did not distinguish between family and states authority.

63. Which of the following is *not* a part of the superstructure of society according to Karl Marx ?

(A) Legal and political structure

(B) Labour power

(C) Religion

(D) Morals

61. प्लेटो के अनुसार, शासन करने के लिए कौन सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(A) योद्धा

(B) दार्शनिक

(C) धनिक वर्ग

(D) प्रत्यक्ष लोकतंत्र के माध्यम से सभी नागरिक

62. निम्नलिखित में से कौनसा कन्फ्यूशियस के विषय में **सही नहीं** है ?

(A) उसने राजा तथा प्रजा दोनों के लिए सदाचरण पर बल दिया ।

(B) उसने समतावादी व्यवस्था का समर्थन किया ।

(C) उसने शिक्षा पर अभिजातवर्ग के एकाधिकार को चुनौती दी ।

(D) उसने परिवार और राज्य की सत्ता में कोई अन्तर नहीं किया ।

63. निम्नलिखित में से कौनसा कार्ल मार्क्स के अनुसार समाज की अधिरचना का हिस्सा **नहीं** है ?

(A) कानूनी और राजनीतिक संरचना

(B) श्रम-शक्ति

(C) धर्म

(D) नैतिक आदर्श

64. Which of the following books has been written by Mary Wollstonecraft ?

(A) A Vindication of the Rights of Woman

(B) The Subjection of Women

(C) The Second Sex

(D) The Feminine Mystique

65. Who among the following is regarded as the father of Liberalism ?

(A) Hobbes

(B) Locke

(C) Rousseau

(D) John Stuart Mill

66. John Rawls' theory of justice is centered on which of the following concepts ?

(A) Social Contract

(B) Divine Will

(C) Utilitarianism

(D) Merit

64. निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट के द्वारा लिखी गयी है ?

(A) ए विंडीकेशन ऑफ द राइट्स ऑफ वुमन

(B) द सब्जेक्शन ऑफ वुमेन

(C) द सेकंड सेक्स

(D) द फेमिनिन मिस्टिक

65. निम्नलिखित में से कौन उदारवाद का जनक माना जाता है ?

(A) हॉब्स

(B) लॉक

(C) रूसो

(D) जॉन स्टुअर्ट मिल

66. जॉन रॉल्स का न्याय का सिद्धांत निम्नलिखित में से किस अवधारणा पर केन्द्रित है ?

(A) सामाजिक अनुबंध

(B) ईश्वरीय इच्छा

(C) उपयोगितावाद

(D) योग्यता

67. Which of the following is *not* a perverted form of government according to Aristotle ?

(A) Aristocracy (B) Tyranny

(C) Oligarchy (D) Democracy

68. Which of the following is *not* a feature of John Stuart Mill's political thoughts ?

(A) Support to Representative Government

(B) Support to Welfare State

(C) Attack on the Subjection of Women

(D) Opposition to Liberty of Conscience

69. Which of the following is *not* one of the structures of Legitimation according to Gramsci ?

(A) Family

(B) School

(C) Religious Institutions

(D) Judiciary

70. Who among the following made the idea of Popular Sovereignty famous ?

(A) Hobbes (B) Locke

(C) Rousseau (D) Hegel

67. अरस्तू के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा भ्रष्ट शासन प्रणाली का रूप **नहीं** है ?

(A) अभिजाततंत्र (B) नृशंसतंत्र

(C) गुटतंत्र (D) लोकतंत्र

68. निम्नलिखित में से कौनसी जॉन स्टुअर्ट मिल के राजनीतिक विचारों की विशेषता **नहीं** है ?

(A) प्रतिनिधि शासन का समर्थन

(B) कल्याणकारी राज्य का समर्थन

(C) स्त्रियों की पराधीनता पर प्रहार

(D) अंतरात्मा की स्वतंत्रता का विरोध

69. ग्राम्शी के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा वैधतास्थापक संरचनाओं में से एक **नहीं** है ?

(A) परिवार

(B) पाठशाला

(C) धार्मिक संस्थाएँ

(D) न्यायपालिका

70. निम्नलिखित में से किसने लोकप्रिय प्रभुसत्ता के विचार को प्रसिद्ध बनाया ?

(A) हॉब्स (B) लॉक

(C) रूसो (D) हीगल

71. Which one of the following is *not* an element of Kautilya's Saptang theory of State ?

(A) Swami (B) Amatya

(C) Janpada (D) Ari

72. Which of the following books has been written by Pandita Ramabai ?

(A) Hinduism and Women

(B) The High Caste Hindu Women

(C) The Lower Caste Hindu Women

(D) The Hindu Women

73. Who wrote an essay 'Society and State' associating society with Indian Civilization and the State with the British ?

(A) Jawahar Lal Nehru

(B) Rabindranath Tagore

(C) Jayaprakash Narayan

(D) Swami Vivekananda

71. निम्नलिखित में से कौनसा एक कौटिल्य के राज्य के सप्तांग सिद्धांत का तत्व **नहीं** है ?

(A) स्वामी (B) अमात्य

(C) जनपद (D) अरि

72. पंडिता रमाबाई ने निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक लिखी है ?

(A) हिन्दूइज्म एण्ड वुमेन

(B) दी हाई कास्ट हिन्दू वुमेन

(C) दी लोअर कास्ट हिन्दू वुमेन

(D) दी हिन्दू वुमेन

73. 'सोसायटी एण्ड स्टेट' नामक निबन्ध, जिसमें समाज को भारतीय सभ्यता और राज्य को ब्रिटिश के साथ जोड़कर देखा गया है, किसने लिखा है ?

(A) जवाहर लाल नेहरू

(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) जयप्रकाश नारायण

(D) स्वामी विवेकानन्द

74. Who said that Swaraj is the birthright of Indians ?

(A) M. K. Gandhi

(B) B. R. Ambedkar

(C) Bal Gangadhar Tilak

(D) Swami Vivekanand

75. "God created the king in his own image for the creation of order in society." Whose statement is this ?

(A) Brihaspati

(B) Sukra

(C) Manu

(D) Vyasa

74. किसने कहा था कि स्वराज भारतीयों का जन्मसिद्ध अधिकार है ?

(A) एम. के. गांधी

(B) बी. आर. अम्बेडकर

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) स्वामी विवेकानन्द

75. "राजा को भगवान ने अपनी छवि के रूप में समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए बनाया है ।" यह कथन किसका है ?

(A) बृहस्पति

(B) शुक्र

(C) मनु

(D) व्यास

76. Who among the following argued that Marx lacked a theory of nationalism, which alone would have enabled him to see difference in national situations ?

(A) M.N. Roy

(B) Ram Manohar Lohia

(C) M.K. Gandhi

(D) Jayaprakash Narayan

77. Which of the following is *not true* about Periyar E.V. Ramaswamy Naikar ?

(A) Founded Dravida Kazhagam

(B) Headed Justice Party

(C) Initiated self-respect movement

(D) Founded Swaraj Party

76. निम्नलिखित में से किसने तर्क दिया कि मार्क्स के पास राष्ट्रवाद के सिद्धांत का अभाव था, जो उसे अकेले ही राष्ट्रीय स्थितियों में अन्तर देखने में सक्षम बनाता ?

(A) एम.एन. रॉय

(B) राम मनोहर लोहिया

(C) एम.के. गांधी

(D) जयप्रकाश नारायण

77. पेरियार ई.वी. रामास्वामी नायकर के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) द्रविड़ कड़गम का गठन

(B) जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष

(C) आत्मसम्मान आन्दोलन के प्रणेता

(D) स्वराज पार्टी का गठन

**78.** Match Gandhi's thoughts with its inspiring sources :

| | Thought | | Inspiring sources |
|---|---|---|---|
| (a) | Satyagraha | (I) | Upanishada |
| (b) | Civil disobedience | (II) | Sermon on the mount |
| (c) | Physical Labour | (III) | Thoro |
| (d) | Non-possession | (IV) | Unto This Last |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (I) | (II) | (III) | (IV) |
| (B) | (II) | (III) | (IV) | (I) |
| (C) | (IV) | (I) | (II) | (III) |
| (D) | (III) | (IV) | (I) | (II) |

**79.** Who formed a political group called 'Abhinav Bharat' ?

(A) Aurobindo

(B) V.D. Savarkar

(C) Balgangadhar Tilak

(D) Deendayal Upadhyaya

**80.** Who was the founder of Deccan Education Society ?

(A) V.D. Savarkar

(B) B.R. Ambedkar

(C) Rabindranath Tagore

(D) Balgangadhar Tilak

**78.** गांधी के विचारों का उनके प्रेरणास्त्रोतों से मिलान कीजिए :

| | विचार | | प्रेरणास्त्रोत |
|---|---|---|---|
| (a) | सत्याग्रह | (I) | उपनिषद् |
| (b) | सविनय अवज्ञा | (II) | सरमन ऑन द माउन्ट |
| (c) | शारीरिक परिश्रम | (III) | थोरो |
| (d) | अपरिग्रह | (IV) | अन्टू दिस लास्ट |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (I) | (II) | (III) | (IV) |
| (B) | (II) | (III) | (IV) | (I) |
| (C) | (IV) | (I) | (II) | (III) |
| (D) | (III) | (IV) | (I) | (II) |

**79.** 'अभिनव भारत' नामक राजनीतिक समूह का गठन किसने किया था ?

(A) अरबिन्दो

(B) वी.डी. सावरकर

(C) बालगंगाधर तिलक

(D) दीनदयाल उपाध्याय

**80.** डेक्कन एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक कौन थे ?

(A) वी.डी. सावरकर

(B) बी.आर. अम्बेडकर

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(D) बालगंगाधर तिलक

81. Which one of the following is a classification of political culture according to Almond ?

(A) Mature political culture

(B) Parochial political culture

(C) Developed political culture

(D) Low political culture

82. In their book 'Political Science : An Introduction' Pennock and Smith have given four elements of constitutionalism. Which one of the following is *correct* ?

(A) Constitution as the director of modern society

(B) Constitution as an ends concept

(C) Constitution as a shared concept

(D) Constitution as an embodiment of essential institution

83. Who has written 'Comparative Political Institution' ?

(A) Munro (B) Ivor Jennings

(C) Danial Bitts (D) P.V. Young

81. निम्नलिखित में से कौनसा एक आमंड की राजनीतिक संस्कृति का वर्गीकरण है ?

(A) प्रौढ़ राजनीतिक संस्कृति

(B) संकीर्ण राजनीतिक संस्कृति

(C) विकसित राजनीतिक संस्कृति

(D) निम्न राजनीतिक संस्कृति

82. पिनॉक एवं स्मिथ ने अपनी पुस्तक 'पॉलिटिकल साइंस : एन इन्ट्रोडक्शन' में संविधानवाद के चार तत्वों का उल्लेख किया है । इनमें से कौनसा एक **सही** है ?

(A) संविधान आधुनिक समाज का निदेशक

(B) संविधान साध्यमूलक अवधारणा

(C) संविधान एक सहभागी धारणा

(D) संविधान अपरिहार्य संस्थाओं के अभिव्यक्ति के रूप में

83. 'कम्पेरेटिव पॉलिटिकल इंस्टीट्यूशन' किसके द्वारा लिखी गई है ?

(A) मुनरो (B) आइवर जेनिंग्स

(C) डेनियल बिट्स (D) पी.वी. यंग

84. Which theory is given by Pareto regarding elite ?

(A) Circulation of elite

(B) Iron law of oligarchy

(C) Concept of power

(D) Concept of mass mind

85. Which one of the following is in classification of Almond's Political Party ?

(A) Two and half party

(B) Competitive two party

(C) Multiparty

(D) One party

86. In which book Arthur Bentley has described about pressure groups ?

(A) The Process of Government

(B) The Group basis of Politics

(C) Interest groups in American society

(D) Political Parties and Pressure Groups

84. अभिजन के संबंध में पैरेटो के द्वारा कौनसा सिद्धांत दिया गया है ?

(A) अभिजन वर्ग में संचलन

(B) कुलीन तंत्र का लौह नियम

(C) सत्ता का विचार

(D) जन मन का विचार

85. निम्नलिखित में से कौनसा वर्गीकरण आमण्ड की राजनीतिक दलों की श्रेणी में आता है ?

(A) ढाई दलीय

(B) प्रतिस्पर्द्धात्मक दो दल

(C) बहुदलीय

(D) एकदलीय

86. आर्थर बेन्टले की किस पुस्तक में दबाव समूहों का उल्लेख है ?

(A) द प्रोसेस ऑफ गवर्नमेंट

(B) द ग्रुप बेसिस ऑफ पॉलिटिक्स

(C) इन्ट्रेस्ट ग्रुप्स इन अमेरिकन सोसाइटी

(D) पॉलिटिकल पार्टीज एण्ड प्रेशर ग्रुप्स

**87.** Which one of the following is known as Hare system ?

(A) Proportional representation system

(B) Single transferable vote system

(C) List system

(D) Minority representation

**87.** कौनसी पद्धति हेयर पद्धति के नाम से जानी जाती है ?

(A) आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति

(B) एकल संक्रमणीय मत पद्धति

(C) सूची पद्धति

(D) अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व

**88.** Which one of the following is participated in discourse of civil society ?

(A) de Tocqueville

(B) G.A. Almond

(C) Anthony Downs

(D) Frank Sorauf

**88.** निम्नलिखित में से कौनसा विचारक नागरिक समाज के विमर्श में सम्मिलित है ?

(A) डी टाकविले

(B) जी.ए. आमण्ड

(C) एंथनी डाउन्स

(D) फ्रेंक सोराफ

**89.** Which one of the following is the function of social movement ?

(A) To gain power

(B) Making laws

(C) To develop nationalism

(D) To conduct election

**89.** निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक आन्दोलन का कार्य है ?

(A) सत्ता प्राप्त करना

(B) कानून बनाना

(C) राष्ट्रवाद का विकास करना

(D) चुनाव कराना

90. "Everything is in the state, nothing outside the state and nothing is against the state." Who said this ?

(A) Mussolini

(B) Hitler

(C) Mao

(D) None of the above

91. Which approach to the study of International relations is based on experience and logic ?

(A) Idealistic approach

(B) Realistic approach

(C) Eclectic approach

(D) System approach

92. Which of the following approaches to the study of International relations is based on the idea of a reformed International order, free from power-politics, immorality, violence etc. ?

(A) Historical approach

(B) Policy science approach

(C) Idealistic approach

(D) Eclectic approach

90. ''सभी कुछ राज्य के भीतर है, राज्य के बाहर कुछ नहीं और राज्य के प्रतिकूल कुछ नहीं है ।'' यह किसने कहा ?

(A) मुसोलिनी

(B) हिटलर

(C) माओ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अध्ययन का कौनसा उपागम अनुभव और तर्क पर आधारित है ?

(A) आदर्शवादी उपागम

(B) यथार्थवादी उपागम

(C) समन्वयवादी उपागम

(D) व्यवस्थावादी उपागम

92. अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अध्ययन के निम्नलिखित उपागमों में से कौन शक्ति–राजनीति, अनैतिकता, हिंसा आदि से मुक्त एक सुधरी हुई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के विचार पर आधारित है ?

(A) ऐतिहासिक उपागम

(B) नीति विज्ञान उपागम

(C) आदर्शवादी उपागम

(D) समन्वयवादी उपागम

93. How many models of International Systems have been considered by Morton A. Kaplan to explain International Politics ?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

94. Who is the author of the book 'Man, the State and War' published in 1979 on Neorealism ?

(A) Robert O. Keohane

(B) Robert Cox

(C) Joseph S. Nye

(D) Kenneth Waltz

95. Who was the first Chairman of the G-20 (Group-20) organization ?

(A) Dickinson

(B) George Atabotov

(C) Paul Martin

(D) Schleicher

96. Where is the headquarters of ASEAN located ?

(A) Myanmar (B) Hanoi

(C) Jakarta (D) Bangkok

93. मॉर्टन ए. काप्लान ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की व्याख्या के लिए अंतर्राष्ट्रीय निकायों के कितने प्रतिमानों पर विचार किया है ?

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

94. नवयथार्थवाद पर 1979 में प्रकाशित ग्रंथ 'मनुष्य, राज्य और युद्ध (Man, the State and War)' के लेखक कौन हैं ?

(A) रॉबर्ट ओ. केओहेन

(B) रॉबर्ट कॉक्स

(C) जोसेफ एस. नाई

(D) केनेथ वाल्ट्ज

95. समूह-20 (G-20) संगठन के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(A) डिकिंसन

(B) जॉर्ज आटाबोटोव

(C) पॉल मार्टिन

(D) श्लीचर

96. आसियान (ASEAN) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) म्यांमार (B) हनोई

(C) जकार्ता (D) बैंकॉक

97. The Maastricht Treaty of 1992 is the foundation treaty of which one of the following organisations ?

(A) European Economic Community

(B) Indo-European Union

(C) European Union

(D) African Union

98. How many members are there from African-Asian countries as the non-permanent members of the Security Council ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

99. A judge of the International Court of Justice is elected for how many years ?

(A) 5 (B) 7

(C) 9 (D) 11

100. Which of the following is known as the 'Agenda 21 : Green Paths to the Future' regarding environment ?

(A) Vienna Convention

(B) Montreal Protocol

(C) Rio Declaration

(D) Kyoto Protocol

97. 1992 की मास्ट्रिस्ट संधि निम्नलिखित में से किस संगठन की आधार संधि है ?

(A) यूरोपीय आर्थिक समुदाय

(B) भारत-यूरोपीय संघ

(C) यूरोपीय संघ

(D) अफ्रीकी संघ

98. सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्यों में से अफ्रीकी-एशियाई देशों से कितने सदस्य होते हैं ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

99. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश कितने वर्षों के लिए चुने जाते हैं ?

(A) 5 (B) 7

(C) 9 (D) 11

100. पर्यावरण के संबंध में निम्नलिखित में से किसको 'एजेंडा 21 : ग्रीन पाथ्स टु द फ्यूचर' के नाम से जाना जाता है ?

(A) वियना समझौता

(B) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

(C) रियो घोषणा

(D) क्योटो प्रोटोकॉल

101. Which of the following is *not correct* about the Indian Foreign Policy ?

(A) Support to Non-alignment

(B) Opposition to imperialism, colonialism and neo-colonialism

(C) Opposition to racialism

(D) Support to nuclear armament

102. Which of the following is *not* mentioned in the Panchsheel principles ?

(A) Mutual respect for each other's territorial integrity and sovereignty

(B) Non-aggression

(C) Abolition of nuclear weapons

(D) Non-interference in each other's domestic affairs

103. Who among the following was *not* a founder member of the Non-aligned Movement ?

(A) Fidel Castro

(B) Jawahar Lal Nehru

(C) Josip Tito

(D) Abdel Nasser

101. भारतीय विदेश नीति के बारे में निम्नलिखित में से कौन **सही नहीं** है ?

(A) गुटनिरपेक्षता का समर्थन

(B) साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद तथा नव-उपनिवेशवाद का विरोध

(C) नस्ली भेदभाव (नस्लवाद) का विरोध

(D) परमाणु शस्त्रीकरण का समर्थन

102. निम्नलिखित में से कौन पंचशील सिद्धांत में वर्णित **नहीं** है ?

(A) एक-दूसरे की भू-क्षेत्रीय अखण्डता तथा प्रभुता का पारस्परिक सम्मान

(B) अनाक्रमण

(C) परमाणु शस्त्रों की समाप्ति

(D) एक-दूसरे के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप न करना

103. निम्नलिखित में से कौन गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के संस्थापक सदस्य **नहीं** थे ?

(A) फिदेल कास्त्रो

(B) जवाहर लाल नेहरू

(C) जोसेफ टीटो

(D) अब्देल नासिर

**104.** Which option is *correct* for India's Nuclear Policy (1995-1998) ?

(A) India signed the N.P.T.

(B) India refused to sign the N.P.T. but signed the C.T.B.T.

(C) India didn't sign both, the N.P.T. and the C.T.B.T.

(D) India signed both the N.P.T. and the C.T.B.T.

**105.** Who has written the book 'India : The Emerging Giant' ?

(A) Tanvi Madan

(B) T. Subramaniam

(C) Arvind Panagariya

(D) Keith Bradsher and Christopher Pal

**106.** Which of the following countries is *not* a member of 'BIMSTEC' (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation) ?

(A) Bangladesh (B) Pakistan

(C) Thailand (D) Sri Lanka

**104.** भारत की परमाणु नीति (1995-1998) के लिए कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) एन.पी.टी. पर भारत ने हस्ताक्षर किया ।

(B) एन.पी.टी. पर भारत ने हस्ताक्षर नहीं किया, लेकिन सी.टी.बी.टी. पर हस्ताक्षर किया ।

(C) एन.पी.टी. और सी.टी.बी.टी. दोनों पर भारत ने हस्ताक्षर नहीं किया ।

(D) एन.पी.टी. और सी.टी.बी.टी. दोनों पर भारत ने हस्ताक्षर किया ।

**105.** 'इंडिया : द इमर्जिंग जायंट' पुस्तक किसने लिखी है ?

(A) तन्वी मदान

(B) टी. सुब्रमण्यम

(C) अरविन्द पनगढ़िया

(D) कीथ ब्रैडशर एंड क्रिस्टोफर पाल

**106.** निम्नलिखित में से कौनसा देश 'बिम्सटेक' (बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनोमिक कोऑपरेशन) का सदस्य **नहीं** है ?

(A) बांग्लादेश (B) पाकिस्तान

(C) थाईलैण्ड (D) श्रीलंका

107. In which year were India-ASEAN relations upgraded to strategic partnership ?

(A) 2003 (B) 2006

(C) 2012 (D) 2018

108. Which of the following countries joined 'BRIC' in the year 2010 ?

(A) Brazil (B) Russia

(C) India (D) South Africa

109. What is 'Amnesty International' ?

(A) A terrorist organisation

(B) Indian human rights organisation

(C) Non-governmental international human rights organisation

(D) None of the above

110. 'Agenda 21' is related to which of the following ?

(A) Human Rights

(B) Environment

(C) Terrorism

(D) The United Nations

107. किस वर्ष भारत-आसियान संबंधों का रणनीतिक साझेदारी में उन्नयन हो गया है ?

(A) 2003 (B) 2006

(C) 2012 (D) 2018

108. निम्नलिखित में से कौनसा देश 2010 में 'ब्रिक' में सम्मिलित हुआ ?

(A) ब्राजील (B) रूस

(C) भारत (D) दक्षिण अफ्रीका

109. 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' क्या है ?

(A) एक आतंकी संगठन

(B) भारतीय मानवाधिकार संगठन

(C) गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. 'एजेण्डा 21' निम्नलिखित में से क़िससे संबंधित है ?

(A) मानवाधिकार से

(B) पर्यावरण से

(C) आतंकवाद से

(D) संयुक्त राष्ट्र से

**111.** Choose the wrongly matched pair among the following :

(A) Article 77 : Conduct of Business of the Government of India

(B) Article 368 : Power of Parliament to amend the Constitution and Procedure therefor

(C) Article 51 : Equality of opportunity in matters of public employment

(D) Article 58 : Qualifications for election of President

**112.** Who among the following drafted the Seven Fundamental Rights under the proposed Commonwealth of India Bill in the year 1925 ?

(A) Motilal Nehru

(B) Annie Besant

(C) Sarojini Naidu

(D) Tej Bahadur Sapru

**111.** निम्नलिखित में से गलत युग्म का चयन कीजिए :

(A) अनुच्छेद 77 : भारत सरकार के कार्य का संचालन

(B) अनुच्छेद 368 : संविधान संशोधन करने की संसद की शक्ति एवं प्रक्रिया

(C) अनुच्छेद 51 : राज्याधीन नौकरियों या पदों पर नियुक्ति के संबंध में नागरिकों के लिए अवसर की समानता

(D) अनुच्छेद 58 : राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए अर्हताएँ

**112.** निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1925 में प्रस्तावित कॉमनवेल्थ ऑफ इण्डिया बिल के अन्तर्गत सात मौलिक अधिकारों का मसौदा तैयार किया था ?

(A) मोतीलाल नेहरू

(B) एनी बेसेन्ट

(C) सरोजिनी नायडू

(D) तेज बहादुर सप्रू

113. Choose the *correct* statements related to the Constituent Assembly :

(1) Prior to independence, the central legislature consisted of two Houses–the Legislative Assembly and the Council of States.

(2) These two Houses were replaced by a single House, that is, the Constituent Assembly.

(3) The constitutional debates took place in total 11 sessions.

(4) The sessions of constitutional debates held from 17 November, 1947 to 24 December, 1949.

(5) Dr. Rajendra Prasad was the Chairman of Drafting Committee of Constituent Assembly.

The code for the *correct* statements is :

(A) (1), (4), (5)

(B) (2), (3), (4)

(C) (1), (3), (5)

(D) (1), (2), (4)

113. संविधान सभा से संबंधित **सत्य** कथनों का चयन कीजिए :

(1) स्वतंत्रता पूर्व केन्द्रीय विधायिका के दो सदन थे–विधानसभा एवं राज्य परिषद्।

(2) संविधान सभा का गठन इन दोनों सदनों के स्थान पर किया गया ।

(3) संवैधानिक बहस के कुल 11 सत्र हुए।

(4) संवैधानिक बहस के सत्र 17 नवम्बर, 1947 से 24 दिसम्बर, 1949 तक हुए।

(5) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे ।

सही कथनों का कूट है :

(A) (1), (4), (5)

(B) (2), (3), (4)

(C) (1), (3), (5)

(D) (1), (2), (4)

114. Choose the correctly matched pair among the following :

(A) Article 110 : Definition of Money Bill

(B) Article 112 : Special procedure in respect of Money Bill

(C) Article 114 : Annual Financial Statement

(D) Article 109 : Appropriation Bill

115. Choose the wrong statement, among the following :

(A) Allocation of election symbols in the elections for Parliamentary and Assembly Constituencies is done under the Election Symbols (Reservation and Allotment) Order, 1968.

(B) The Parliament decides on recognition of a political party as a National Party or State Party.

(C) The Election Commission has the responsibility of election-management for parliamentary and the assembly elections.

(D) Above statements (A) and (B) are incorrect.

114. निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए :

(A) अनुच्छेद 110 : धन विधेयक की परिभाषा

(B) अनुच्छेद 112 : धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया

(C) अनुच्छेद 114 : वार्षिक वित्तीय विवरण

(D) अनुच्छेद 109 : विनियोग विधेयक

115. निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए :

(A) संसद तथा विधानसभाओं के निर्वाचनों में निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन निर्वाचन प्रतीक (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के अन्तर्गत किया जाता है ।

(B) किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल या राज्य दल का दर्जा दिए जाने का निर्णय संसद द्वारा किया जाता है ।

(C) संसद तथा विधानसभाओं के निर्वाचन प्रबंधन का दायित्व भारत निर्वाचन आयोग का है ।

(D) उपर्युक्त कथन (A) एवं (B) असत्य हैं।

116. The Parliament consists of three parts. Which among the following is the right combination of three parts ?

(A) Judiciary, Executive, Legislature

(B) Prime Minister, Lok Sabha Speaker, Vice-President

(C) President, Lok Sabha, Rajya Sabha

(D) President, Lok Sabha Speaker, Prime Minister

117. Choose the *correct* statements, among the following :

(1) The judiciary cannot review the legality and constitutionality of administrative acts.

(2) The judiciary issues 6 types of writs.

(3) The constitution mentions about only 5 writs.

(4) Article 23 empowers the judiciary to issue the writs.

(5) Under Article 32, the Parliament can empower any other court to issue the writ.

The code for the *correct* statements is :

(A) (2), (3), (5)

(B) (1), (3), (4)

(C) (3), (4), (5)

(D) (1), (2), (3)

116. संसद के तीन अंग हैं । निम्नलिखित में से सही तीन अंगों का चयन कीजिए :

(A) न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका

(B) प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, उपराष्ट्रपति

(C) राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा

(D) राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री

117. निम्नलिखित में से **सही** कथनों का चयन कीजिए :

(1) न्यायालय प्रशासनिक कार्यों की वैधानिकता तथा संवैधानिकता पर पुनर्विचार नहीं कर सकते हैं ।

(2) न्यायालयों द्वारा जारी 6 प्रकार के समादेश (रिट) होते हैं ।

(3) संविधान में केवल 5 समादेशों (रिट) का उल्लेख है ।

(4) अनुच्छेद 23 न्यायालयों को समादेश जारी करने का अधिकार देता है ।

(5) अनुच्छेद 32 के अधीन संसद किसी अन्य न्यायालय को समादेश जारी करने की शक्ति प्रदान कर सकती है ।

**सही** कथनों का कूट है :

(A) (2), (3), (5)

(B) (1), (3), (4)

(C) (3), (4), (5)

(D) (1), (2), (3)

118. What among the following are *wrong* related to Comptroller and Auditor General of India ?

(1) The post founded under the Executive order of the Government.

(2) Article 149 : Powers of Comptroller and Auditor General of India.

(3) Article 151 : Audit report of the Union is submitted to the President.

(4) Article 154 : Audit report of the States are submitted to the respective Governor.

(5) Appointment by the President.

The code for the *wrong* statements is :

(A) (2), (3)
(B) (1), (5)
(C) (3), (4)
(D) (1), (4)

118. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के संबंध में निम्नलिखित में से क्या **गलत** है ?

(1) पद का गठन सरकार के कार्यकारी आदेश के अन्तर्गत ।

(2) अनुच्छेद 149 : भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की शक्तियाँ

(3) अनुच्छेद 151 : संघ के लेखाओं संबंधी प्रतिवेदन राष्ट्रपति को प्रस्तुत ।

(4) अनुच्छेद 154 : राज्य के लेखाओं संबंधी प्रतिवेदन संबंधित राज्यपाल को प्रस्तुत

(5) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त ।

**गलत** कथनों का कूट है :

(A) (2), (3)
(B) (1), (5)
(C) (3), (4)
(D) (1), (4)

**119.** The National Commission for Scheduled Castes is founded under which of the following ?

(A) Constitution Article 51

(B) Constitution Article 338

(C) The Protection of Scheduled Castes Act, 1990

(D) The Protection of Scheduled Castes Act, 2003

**120.** Choose the rightly matched pair (Act : Year) among the following pairs :

(A) The Representation of People Act : 1962

(B) The National Commission for Women Act : 1992

(C) The Protection of Human Rights Act : 1993

(D) All above pairs are correct

**119.** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का गठन किसके अन्तर्गत किया जाता है ?

(A) संविधान के अनुच्छेद 51

(B) संविधान के अनुच्छेद 338

(C) अनुसूचित जाति संरक्षण अधिनियम, 1990

(D) अनुसूचित जाति संरक्षण अधिनियम, 2003

**120.** निम्नलिखित युग्मों (अधिनियम : वर्ष) में से सही युग्म का चयन कीजिए :

(A) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम : 1962

(B) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम : 1992

(C) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम : 1993

(D) उपर्युक्त सभी युग्म सही हैं

121. 'India's Political Economy : 1947-2004' book is written by :

(A) Granville Austin

(B) Amiya Bagchi

(C) Francine R. Frankel

(D) Gunnar Myrdal

122. Which one of the following factors led to the liberalisation of the Indian economy in 1991/1992 budget ?

(1) Balance of payment crisis

(2) India's credit rating was very low

(3) Disintegration of the Soviet Union

(4) Interest payment reached 4 per cent of the GDP.

Choose the *correct* option :

(A) (1), (2), (3) and (4)

(B) (1) and (3)

(C) (1), (2) and (3)

(D) (1), (3) and (4)

121. 'भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था : 1947-2004' पुस्तक..............द्वारा लिखित है ।

(A) ग्रैनविल ऑस्टिन

(B) अमिय बागची

(C) फ्रैन्सिन आर. फ्रैंकेल

(D) गुन्नार मिर्डल

122. 1991/1992 के बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण में निम्नलिखित में से कौनसा कारक जिम्मेदार है ?

(1) भुगतान संतुलन का संकट

(2) भारत का ऋण पात्रता निर्धारण निम्न होना

(3) सोवियत संघ का विघटन

(4) ब्याज भुगतान का सकल घरेलू उत्पाद के 4 प्रतिशत पर होना

सही विकल्प चुनिए :

(A) (1), (2), (3) और (4)

(B) (1) और (3)

(C) (1), (2) और (3)

(D) (1), (3) और (4)

**123.** The.............Constitutional Amendment Act provided the reservation to other backward classes in private unaided educational institutions other than minority institutions.

(A) Eighty Third (B) Ninety Third

(C) Ninety Sixth (D) Ninety Nineth

**124.** Initially after independence, almost all the farmers' movements were led by resourceful peasants. Lloyd and Susane Rudolph have called them :

(A) Cart capitalists

(B) Bullock capitalists

(C) Agrarian capitalists

(D) Countryside capitalists

**125.** Which of the following women's movements relates to basic livelihood issues and not to demanding a role in political decision-making ?

(A) Chipko women's movement in the hills of Uttar Pradesh

(B) Vasai-Virar women's movement in Thane district of Maharashtra

(C) Both (A) and (B) are correct

(D) None of the above

**123.** ..............संवैधानिक संशोधन द्वारा अल्पसंख्यक संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य निजी गैर-अनुदानित शैक्षणिक संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण प्रदान किया गया ।

(A) 83वें (B) 93वें

(C) 96वें (D) 99वें

**124.** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् प्रारंभ में प्राय: सभी किसान आंदोलनों का नेतृत्व साधन-सम्पन्न किसानों के हाथ में था । लॉयड एवं सुसेन रुडोल्फ ने उन्हें..............कहा है ।

(A) कार्ट (गाड़ी) पूँजीपति

(B) बैल पूँजीपति

(C) कृषक पूँजीपति

(D) देहाती पूँजीपति

**125.** निम्नलिखित में से किस नारी आंदोलन का संबंध बुनियादी आजीविका संबंधी मुद्दों से है, न कि राजनीतिक निर्माण से ?

(A) उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में चिपको महिला आंदोलन

(B) महाराष्ट्र के थाणे जिले में वसाई-विरार महिला आंदोलन

(C) दोनों (A) और (B) सही हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

126. How many Union Territories have been created on the basis of State Reorganisation Act, 1956 ?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) 7

127. Which Constitutional Amendment Act reduced the voting age from 21 years to 18 years for the Lok Sabha and Vidhan Sabha elections ?

(A) 56th (B) 59th

(C) 61st (D) 63rd

128. Which of the following books is written by Rajni Kothari ?

(A) Politics in India

(B) In the name of Democracy

(C) Indian Politics in Transition

(D) Political Mobilisation

126. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के आधार पर कितने केन्द्रशासित प्रदेश बनाए गये ?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) 7

127. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों हेतु मतदाता की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गयी ?

(A) 56वाँ (B) 59वाँ

(C) 61वाँ (D) 63वाँ

128. निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक रजनी कोठारी द्वारा लिखित है ?

(A) पॉलिटिक्स इन इंडिया (भारत में राजनीति)

(B) इन द नेम ऑफ डेमोक्रेसी (लोकतंत्र के नाम पर)

(C) इंडियन पॉलिटिक्स इन ट्रांजिशन (भारतीय राजनीति का संक्रमण काल)

(D) पॉलिटिकल मोबिलाइजेशन (राजनीतिक लामबंदी)

129. Which farmer movement played an important role in the freedom movement ?

(1) Champaran Movement

(2) Bardoli Movement

(3) Savinay Avagya Movement

(4) Freedom Movement

Choose the *correct* option :

(A) (1) and (2) (B) (2) and (3)

(C) (1) and (3) (D) (3) and (4)

130. Which of the following is a determinant(s) of voting behaviour in India ?

(A) Caste, region and religion

(B) Party and leadership image

(C) Media, Money and Muscle power

(D) All of the above

129. स्वतंत्रता आंदोलन में कौनसे किसान आंदोलन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ?

(1) चंपारण आंदोलन

(2) बारदोली आंदोलन

(3) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(4) स्वतंत्रता आंदोलन

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) (1) और (2) (B) (2) और (3)

(C) (1) और (3) (D) (3) और (4)

130. निम्नलिखित में से कौनसा भारत में मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला कारक है ?

(A) जाति, क्षेत्र एवं धर्म

(B) दल एवं नेतृत्व की छवि

(C) मीडिया, धन एवं बाहुबल

(D) उपर्युक्त सभी

131. Idea of 'POSDCORB' for the scope of Public Administration was given by :

(A) Willoughby (B) Luther Gullick

(C) Herbert Simon (D) L.D. White

132. The author of article 'The Study of Administration' was :

(A) Pfiffner

(B) Marshal

(C) Woodrow Wilson

(D) L.D. White

133. 'Towards a New Public Administration : The Minnowbrook Perspective' book was edited by :

(A) James C. Charlesworth

(B) Frank Marini

(C) Waldo

(D) F.C. Mosher

131. लोक प्रशासन के कार्यक्षेत्र के संबंध में 'पोस्डकॉर्ब' (POSDCORB) का विचार दिया था :

(A) विलोबी ने (B) लूथर गुलिक ने

(C) हर्बर्ट साइमन ने (D) एल.डी. व्हाइट ने

132. 'द स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन' नामक लेख के लेखक थे :

(A) पिफनर

(B) मार्शल

(C) वुडरो विल्सन

(D) एल.डी. व्हाइट

133. 'नवीन लोक प्रशासन की दिशाएँ–मिन्नोब्रुक परिप्रेक्ष्य' पुस्तक के सम्पादक थे :

(A) जेम्स सी. चार्ल्सवर्थ

(B) फ्रेंक मेरिनी

(C) वाल्डो

(D) एफ.सी. मोशर

134. The characteristic of Development Administration is :

(A) Change Orientation

(B) Development Tendency

(C) Administrative Efficiency

(D) All of the above

134. विकास प्रशासन की विशेषता है :

(A) परिवर्तनोन्मुखी

(B) विकासात्मक प्रवृत्ति

(C) प्रशासनिक कार्यकुशलता

(D) उपर्युक्त सभी

135. In 1963 American Society for Public Administration formed a committee known as a 'Comparative Administration Group'. Its first president was :

(A) Richard Gable

(B) Robert Dahl

(C) Stokes

(D) Fred Riggs

135. 1963 में अमेरिकी लोक प्रशासन संस्थान के द्वारा एक समिति का गठन किया गया जिसे 'तुलनात्मक लोक प्रशासन समूह' नाम दिया गया । इसके पहले अध्यक्ष थे :

(A) रिचर्ड गेबल

(B) रॉबर्ट डाहल

(C) स्टोक्स

(D) फ्रेड रिग्स

136. The Father of Scientific Management Theory is :

(A) Henri Fayol

(B) Luther Gullick

(C) Mooney

(D) F.W. Taylor

136. वैज्ञानिक प्रबन्ध सिद्धांत का जनक कहा जाता है :

(A) हेनरी फेयोल को

(B) लूथर गुलिक को

(C) मूने को

(D) एफ.डब्ल्यू. टेलर को

137. The word 'Bureaucracy' was first used by :

(A) Max Weber

(B) Elton Mayo

(C) Chester Bernard

(D) Vincent De Gorne

137. 'ब्यूरोक्रेसी' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किया था :

(A) मैक्स वेबर ने

(B) एल्टन मेयो ने

(C) चेस्टर बर्नार्ड ने

(D) विंसेट डी गोर्ने ने

138. 'Hawthorne Experiment' is associated with :

(A) Bureaucratic theory

(B) Human relation theory

(C) Scientific management theory

(D) The classical or traditional theory

139. 'Theory X and theory Y' of motivation is related to :

(A) Maslow

(B) Likert

(C) Vroom

(D) Douglas McGregor

138. 'हॉथोर्न प्रयोग' जुड़ा हुआ है :

(A) नौकरशाही सिद्धांत से

(B) मानव संबंध सिद्धांत से

(C) वैज्ञानिक प्रबंध सिद्धांत से

(D) शास्त्रीय या परम्परावादी सिद्धांत से

139. अभिप्रेरणा का 'सिद्धांत एक्स तथा सिद्धांत वाई' जुड़े हैं :

(A) मास्लो से

(B) लिकर्ट से

(C) व्रूम से

(D) डगलस मैक्ग्रेगर से

**140.** "Communication means the process of passing information and understanding from one person to another".

The author of the above statement is :

(A) Pfiffner (B) Millet

(C) F.J. Mayor (D) Theo Haimann

**141.** Report 'What is Good Governance ?' by 'United Nations Economic and Social Commission for Asia and The Pacific' (UNESCAP) has listed eight characteristics of Good Governance. Which among the following are *not* included in eight characteristics of good governance ?

I. Consensus oriented

II. Citizen Charter

III. People participation

IV. Rule of Law

V. Strategic vision

VI. Responsiveness

Choose the *correct* code :

(A) I, III (B) II, V

(C) IV, VI (D) II, IV

**140.** ''संचार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को सूचनाएँ एवं समझ हस्तान्तरित करने की प्रक्रिया है।''

उक्त कथन के लेखक हैं :

(A) पिफनर (B) मिलेट

(C) एफ.जे. मेयर (D) थियो हैमेन

**141.** 'एशिया और प्रशान्त के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग' (यू.एन.ई.एस. सी.ए.पी.) की रिपोर्ट 'सुशासन क्या है ?' के अन्तर्गत सुशासन की आठ विशेषताओं को सूचीबद्ध किया है । निम्नलिखित में से क्या सुशासन की इन आठ विशेषताओं में सम्मिलित नहीं है ?

I. सहमति मूलकता

II. नागरिक घोषणा-पत्र

III. जन भागीदारी

IV. कानून का शासन

V. रणनीतिक दृष्टि

VI. अनुक्रियाशीलता

सही कूट का चयन कीजिए :

(A) I, III (B) II, V

(C) IV, VI (D) II, IV

142. Which among the following is *not* a technique of legislative control over administration ?

(A) Subordinate Legislative Committee

(B) Delegated Legislation

(C) Audit method

(D) Question Hour and Zero Hour

143. Choose the correct statements related to the Second Administrative Reforms Commission :

I. The Commission was formed in August, 2005 and ended in May, 2009.

II. Morarji Desai was the first Chairman of the Commission, later Hanumantaiya chaired it.

III. The Commission submitted total 15 reports to the government of India.

IV. Veerappa Moily was the Chairman of the Commission.

V. The Commission submitted total 5 reports and 3 sub-reports to the Government of India.

Choose the code for *correct* statements :

(A) II, III (B) I, II, V

(C) I, IV, V (D) I, III, IV

142. निम्नलिखित में से क्या प्रशासन पर विधायी नियंत्रण की तकनीक नहीं है ?

(A) अधीनस्थ विधायन समिति

(B) प्रदत्त विधिनिर्माण

(C) लेखापरीक्षण पद्धति

(D) प्रश्नकाल एवं शून्यकाल

143. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के संदर्भ में सही कथनों का चयन कीजिए :

I. आयोग का गठन अगस्त, 2005 में हुआ एवं कार्यकाल मई, 2009 तक रहा ।

II. आयोग के अध्यक्ष प्रथम मोरारजी देसाई तत्पश्चात् हनुमंतैया थे ।

III. आयोग ने कुल 15 प्रतिवेदन भारत सरकार को सौंपे ।

IV. वीरप्पा मोइली आयोग के अध्यक्ष थे ।

V. आयोग ने कुल 5 प्रतिवेदन एवं 3 उप-प्रतिवेदन भारत सरकार को सौंपे।

सही कथनों के कूट का चयन कीजिए :

(A) II, III (B) I, II, V

(C) I, IV, V (D) I, III, IV

144. In India, during the tenure of which Prime Minister was the resolution to prepare Citizen Charter in the form of 'Citizen Charter and the Answerable Administration' adopted ?

(A) P.V. Narasimha Rao

(B) Atal Bihari Vajpayee

(C) Indra Kumar Gujral

(D) H.D. Deve Gowda

145. In order to speedify e-Governance, Government of India declared the National e-Governance Plan (NeGP) on :

(A) 18 May, 2006

(B) 2 October, 2007

(C) 14 November, 2006

(D) 1 January, 2005

144. भारत में, नागरिक चार्टर (अधिकारपत्र) तैयार करने का संकल्प 'नागरिक के लिए अधिकार पत्र एवं जवाबदेय प्रशासन' के रूप में किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अपनाया गया ?

(A) पी.वी. नरसिम्हाराव

(B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) इन्द्रकुमार गुजराल

(D) एच.डी. देवगौड़ा

145. ई-प्रशासन को गति देने हेतु भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ई-शासन योजना (NeGP) घोषित की गई :

(A) 18 मई, 2006 को

(B) 2 अक्टूबर, 2007 को

(C) 14 नवम्बर, 2006 को

(D) 1 जनवरी, 2005 को

146. Which among the following is a type of Audit ?

(A) Regulatory audit

(B) Propriety audit

(C) Performance audit

(D) All of the above

146. निम्नलिखित में से कौनसा लेखा परीक्षा का प्रकार है ?

(A) नियामक लेखापरीक्षा

(B) औचित्य लेखापरीक्षा

(C) निष्पादन लेखापरीक्षा

(D) उपर्युक्त सभी

147. Which country is the propounder of institution of Ombudsman ?

(A) India

(B) Denmark

(C) Britain

(D) Sweden

147. किस देश को ओम्बड्समैन संस्था का प्रणेता माना जाता है ?

(A) भारत

(B) डेनमार्क

(C) ब्रिटेन

(D) स्वीडन

148. Choose the wrong fact related to Panchayati Raj Institutions :

(A) Part 9 (Panchayat), Article 243 in the Constitution

(B) 73rd Constitutional Amendment Act, 1994

(C) Article 243-G, 11th Schedule

(D) Legal Status to Gram Sabha

149. Choose the wrong statement related to the National Rural Employment Guarantee Act :

(A) This Act came into existence in the year 2005.

(B) This is applicable in both rural and the sub-urban areas.

(C) The Gram Sabha conducts social audit of projects run under this scheme.

(D) All of the above statements are incorrect.

148. पंचायती राज संस्थाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से गलत तथ्य का चयन कीजिए :

(A) संविधान के भाग 9 (पंचायत), अनुच्छेद 243

(B) 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1994

(C) अनुच्छेद 243-G, ग्यारहवीं अनुसूची

(D) ग्राम सभा को कानूनी मान्यता

149. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के विषय में असत्य कथन का चयन कीजिए :

(A) यह अधिनियम वर्ष 2005 में अस्तित्व में आया ।

(B) यह ग्रामीण एवं उप-शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू होता है ।

(C) ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में इस स्कीम के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों का सामाजिक लेखापरीक्षण ग्राम सभा द्वारा किया जाता है ।

(D) उपर्युक्त सभी कथन असत्य हैं ।

150. Choose the *correct* statements related to National Food Security Act :

I. The Act came into existence in the year 2011.

II. It has paradigm shift in the approach to food security from welfare based approach to rights based approach.

III. It entitles 100% rural population to receive subsidized food grains.

IV. It entitles 50% of the urban population to receive subsidized food grains.

Choose the code for *correct* statements :

(A) I, II (B) III, IV

(C) II, IV (D) I, III

150. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संबंध में **सही** कथनों का चयन कीजिए :

I. यह अधिनियम वर्ष 2011 में अस्तित्व में आया ।

II. इसने खाद्य सुरक्षा दृष्टिकोण को कल्याण आधारित दृष्टिकोण से अधिकार आधारित दृष्टिकोण में परिवर्तित किया है ।

III. यह ग्रामीण क्षेत्र की 100% जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्धता पर सब्सिडी प्रदान करता है ।

IV. यह शहरी क्षेत्र की 50% जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्धता पर सब्सिडी प्रदान करता है ।

**सही** कथनों के कूट का चयन कीजिए :

(A) I, II (B) III, IV

(C) II, IV (D) I, III

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

(SPACE FOR ROUGH WORK)